चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/8320
दिनांक : 05.12.2023

विज्ञप्ति

एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में महाविद्यालय/छात्रों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के आशय से स्नातक पाठ्यक्रमों के समस्त सेमेस्टरों में चयनित किये जाने वाले विषयों के बारे में स्पष्टीकरण निम्नवत है :–

1. बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0काम0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर :–

मेजर विषयों की संख्या–03	यह सुनिश्चित किया जाये कि जिन तीन विषयों में छात्र का प्रवेश कन्फर्म हुआ है वही विषय मेजर विषय के रूप में रखे जायें। तीनों मेजर विषय के कुल क्रेडिट 18 होंगे (06 क्रेडिट प्रति मेजर विषय)।
माईनर विषय की संख्या–01	प्रथम सेमेस्टर अथवा द्वितीय सेमेस्टर में से किसी एक सेमेस्टर में तथा तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में से किसी एक सेमेस्टर में ही माईनर विषय का चयन किया जायेगा। ऐसे छात्र जो माईनर विषय का अध्ययन द्वितीय सेमेस्टर में करेंगे वह प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म में None का विकल्प चुनें। इसी प्रकार चतुर्थ सेमेस्टर में माईनर विषय का अध्ययन करने वाले छात्र तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म में None का विकल्प चुनें। इनका क्रेडिट 04 होगा। ध्यान रहे कि एक मेजर विषय अथवा माईनर विषय किसी अन्य संकाय का अवश्य हो। माईनर विषयों के चयन हेतु भाषाओं यथा :– हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू इत्यादि को कला संकाय से अलग माना जायेगा।
स्किल डवलपमेंट कोर्स–01 (क्रेडिट 03)	उपलब्ध स्किल डवलपमेंट विषयों में से महाविद्यालय में संचालित किसी एक विषय का चयन किया जायेगा।
को–करिकुलर विषय	प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अलग–अलग को–करिकुलर विषयों का चयन करना अनिवार्य है।

2. बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0काम0 पंचम सेमेस्टर :–

मेजर विषयों की संख्या–02	प्रथम एवं द्वितीय वर्षों में अध्ययन किये गये तीन मेजर विषयों के किन्हीं दो मेजर विषयों का चयन छात्र द्वारा किया जाये। भाषा विषयों यथा :– हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू को कला संकाय के किसी विषय के साथ चयनित किया जा सकता है। इस उद्देश्य हेतु भाषा विषय कला संकाय के अन्तर्गत ही माना जायेगा। दोनों मेजर विषयों के कुल क्रेडिट 20 होंगे (ऐसा विषय जिसमें केवल दो सैद्धान्तिक (Theory) प्रश्नपत्र हैं, में प्रत्येक प्रश्नपत्र 05 क्रेडिट का होगा तथा ऐसे विषय जिनमें दो सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों के साथ एक प्रयोगात्मक परीक्षा भी है, में प्रत्येक सैद्धान्तिक (Theory) प्रश्नपत्र का क्रेडिट 04 तथा प्रयोगात्मक परीक्षा का क्रेडिट 02 होगा।
माईनर विषय	पंचम सेमेस्टर के छात्रों को माईनर विषय का चयन नहीं करना है।
स्किल डवलपमेंट कोर्स	पंचम सेमेस्टर के छात्रों को स्किल डवलपमेंट कोर्स का चयन नहीं करना है।
को–करिकुलर विषय	पंचम सेमेस्टर के छात्रों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित को–करिकुलर विषयों का चयन करना अनिवार्य है।
माईनर रिसर्च प्रोजेक्ट	पंचम सेमेस्टर के छात्रों को चयन किये गये दो मेजर विषयों में से किसी एक मेजर विषय का माईनर रिसर्च प्रोजेक्ट लेना होगा।

5.12.2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

क्रमश........2

03. व्यैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. उप कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय)।
08. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
09. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. गार्डफाइल।

05/12/23
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)